हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 18 अप्रैल 2026

11 झज्जर ने सर्वाधिक 29 अंक प्राप्त कर ट्रॉफी पर...



12 'रिश्वत कांड': सस्पेंड आईओ सतेंद्र यादव फरार...






**खबर संक्षेप**

## कुरीतियां मिटाने का लिया संकल्प

**नांगल चौधरी।** निजामपुर रोड पर स्थित महक होटल में सैन महाराज की जयंती प्रधान शेरसिंह की अध्यक्षता में मनाई। जिसमें रामजीलाल मौरूंड मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के बाद विभिन्न कुरीतियों पर विचार विमर्श किया गया। इसके बाद गांव वाइज कमेटी गठित करके नशाखोरी तथा दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू करने की योजना बनाई गई। उन्होंने कहा कि समाज ही राष्ट्र की निर्माण इकाई होता है।

## विश्व हीमोफीलिया दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**नारनौल।** हुडा सेक्टर एक स्थित संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन रिसर्च सेंटर में बीएड स्पेशल एजुकेशन एवं डीएड स्पेशल एजुकेशन के प्रशिक्षुओं द्वारा 'विश्व हीमोफीलिया दिवस' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आरएन यादव ने अपने संबोधन में कहा, 'हीमोफीलिया एक गंभीर, लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। यदि समय रहते पहचान और सही उपचार मिल जाए, तो मरीज सामान्य जीवन जी सकता है।'

## मुकंदपुरा में पानी की किल्लत, ग्रामीण परेशान

**नारनौल।** मुकंदपुरा गांव में इन दिनों पेयजल की भारी किल्लत से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की पेयजल पाइप लाइन जगह जगह से लीक है और कई स्थानों पर लगे वॉल भी खराब पड़े हैं, जिसके कारण नियमित जल आपूर्ति बाधित हो रही है। ग्रामीण कंवर सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उन्होंने समस्या की शिकायत विभाग के टोल फ्री नंबर पर की थी। शिकायत के बाद जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ने समाधान करने के बजाय ग्रामीणों पर यह कहकर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया गया।

# सुपर 100 की परीक्षा के लिए दूसरा चरण शुरू, जिले से लेवल 1 में चयनित 57 विद्यार्थी देंगे लेवल-2 की परीक्षा

सुपर 100 का पहला चरण पास करने वाले विद्यार्थियों का अब दूसरे चरण का होगा पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सुपर 100 के पहले चरण की परीक्षा 11 फरवरी को आयोजित की गई थी। सुपर 100 लेवल 1 के परीक्षा परिणाम में महेंद्रगढ़ जिले के 57 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब ये विद्यार्थी 19 से 21 अप्रैल तक कुरुक्षेत्र में रहकर सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा देंगे। पहले चरण में प्रदेश भर से 2113 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की थी, अब दूसरे चरण में प्रत्येक विद्यार्थी को विकल्प फाउंडेशन कुरुक्षेत्र केंद्र में तीन दिन तक रहकर कक्षा लगानी होगी और इसके बाद वहां उसकी परीक्षा होगी। इस चरण को पास करने वाले विद्यार्थी ही सुपर 100 योजना का लाभ उठा पाएंगे। शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2018 में शुरू किए गए सुपर-100 कार्यकर्म का उद्देश्य 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को आईआईटी और मेडिकल की निशुल्क कोचिंग प्रदान करना है। इस योजना के तहत सरकार का प्रयास है कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। सुपर 100 में चयनित बच्चों को विकल्प फाउंडेशन द्वारा आवासीय कोचिंग दी जाएगी। विद्यार्थियों को रहने और खाने की सुविधा भी शिक्षा विभाग की तरफ से मुहैया करवाई जाती है।

### क्या कहते हैं डीईओ



जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विश्वेश्वर कौशिक ने कहा कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से अपने खण्ड से लेवल 2 के लिए चयनित किए गए सम्बन्धित विद्यार्थियों को उनके शेड्यूल अनुसार विकल्प फाउंडेशन कुरुक्षेत्र परिसर में पहुचने बारे सूचित करने के लिए निर्देश दे दिए गए है। डीईओ ने कहा कि सुपर 100 लेवल 2 परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों को सुपर 100 बैच 2026- 28 के लिए चुना जाएगा। चयन होने पर विद्यार्थियों को इस योजना के तहत मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाएगी।

### कुरुक्षेत्र के बारना में होगा तीन दिन आवासीय प्रशिक्षण

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि जिले से सुपर-100 कार्यक्रम 2026-28 लेवल 2 की परीक्षा के लिए 57 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। विकल्प संस्थान द्वारा सूची में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को लेवल 2 की परीक्षा के लिए विकल्प फाउंडेशन के कुरुक्षेत्र परिसर में बुलाया गया है। जिले के विद्यार्थियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 19 से 21 अप्रैल तक विकल्प फाउंडेशन गांव बारना कुरुक्षेत्र में प्रदान किया जाएगा। सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा के लिए सभी चयनित विद्यार्थी तीन दिनों के लिए विकल्प फाउंडेशन के परिसर में उपस्थित रहेंगे, जहां उन्हें गणित और विज्ञान के विषयों का अध्ययन कराया जाएगा और आखिरी दिन एक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस प्रक्रिया के दौरान कक्षाओं के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यवहार पर भी शिक्षकों की नजर रहेगी। इस लेवल 2 परीक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों की परीक्षा लेना ही नहीं, बल्कि उनके व्यवहार और शिक्षा के प्रति समर्पण को परखना भी है। विद्यार्थी कक्षा में कितना ध्यान केंद्रित करते है और पढ़ाई को लेकर उनकी रूचि कितनी है, इसका भी निरिक्षण सुपर 100 के अध्यापक करेंगे ताकि वे मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर सके। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी सुपर 100 बैच 2026-28 का हिस्सा बनेंगे।

### एडमिट कार्ड के लिए लिंक किया जारी

परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड **https://registration.buniyaadhry.com/s100-12-admit-card** लिंक पर जारी किया जा चुका है। सभी परीक्षार्थी इस लिंक पर जाकर अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते है। विद्यार्थी लेवल 2 के एडमिट कार्ड के अलावा अपने साथ अपना आधार कार्ड, पांच पासपोर्ट आकर की फोटो, कक्षा 10वी की बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड एवं अपना जरुरी सामान साथ लेकर जाए।

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का 70वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया

# पीज कॉलेज दीक्षांत समारोह में 600 विद्यार्थियों को डिग्रियों से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को 70वां वार्षिक पारितोषिक वितरण व दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. राजवीर सिंह ने की। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि थे। राजकीय महाविद्यालय कंवाली प्रो. डॉ. कृष्ण कुमार, पूर्व प्राचार्य डॉ सतवीर यादव, डॉ. रविंद्र यादव, महाविद्यालय पूर्व छात्र संघ के पदाधिकारियों मनीष मित्तल प्रधान, वासुदेव यादव महासचिव, सुरेंद्र चौधरी कार्यकारी सदस्य, डॉ. हंसराज गुर्जर, डॉ. मुकेश वर्मा विशिष्ट अतिथि रहे।

इस अवसर परा पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि युवा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

युवा राष्ट्र के नवनिर्माण, आर्थिक विकास व सामाजिक परिवर्तन की मुख्य धुरी हैं। तकनीकी नवाचार, उद्यमिता और जीवंत ऊर्जा के साथ, युवा पीढ़ी विकसित भारत के सपने को साकार करने और वैश्विक मंच पर देश को ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम है।





नारनौल। विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करते अतिथि व कॉलेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को किया सम्मानित

दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अजमेर सिंह काजल व प्राचार्य प्रो. राजवीर सिंह, काउंसिल मैंबर्स ने 600 पीजी व यूजी के विद्यार्थियों को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की ओर से जारी डिग्रियों से नवाजा। महाविद्यालय कुलसचिव डॉ. सत्यपाल सुलोदिया ने बताया दो विद्यार्थियों को रोल ऑफ आनर व 17 विद्यार्थियों को कॉलेज कलर से अलंकृत किया तथा विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में शामिल 56 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व पारितोषिक से नवाजा गया। मंच का संचालन सीनियर प्रोफेसर डॉ. नरेश यादव व डॉ. मीना, डॉ. पलक, डॉ. पूनम ने किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय काउंसिल सदस्य डॉ. हवासिंह, डॉ. नरेश कुमार, डॉ चंद्रमोहन, डॉ. सतीश सैनी सहित सभी प्राध्यापकगण व कर्मचारियों ने योगदान दिया। अंत में उपप्राचार्य डॉ. हवासिंह ने सभी मुख्य अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों का सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।




नारनौल। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि




महेंद्रगढ़। बेटी मोनिका का बनवारा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

# घोड़ी पर बैठाकर बेटी का निकाला बनवारा

- मास्टर दिलबाग सिंह ने लोगों को दिया समानता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मौहल्ला महायचान स्थित सरस्वती कॉलोनी में समाज में बेटा-बेटी के बीच भेदभाव को खत्म करने का एक सराहनीय उदाहरण सरस्वती कॉलोनी में देखने को मिला, जहां मास्टर दिलबाग सिंह पुत्र शिवराम प्रधान ने अपनी पुत्री मोनिका का बनवारा घोड़ी पर बैठाकर निकाला। मोनिका उच्च शिक्षित हैं और उन्होंने एमएससी, बीएड तथा कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त करने के साथ एचटेट परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। उनकी शादी 20 अप्रैल को रेवाड़ी के सन्न सिटी निवासी बिशंबर दयाल एवं शर्मिला अहरोदिया के पुत्र यश कुमार के साथ निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि यश कुमार का परिवार शिक्षा विभाग में कार्यरत है। इस अवसर पर मास्टर दिलबाग सिंह ने बेटी को घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकालते हुए लोगों को यह संदेश दिया कि बेटियों और बेटों में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियां दो परिवारों को जोड़ने का कार्य करती हैं और समाज में उनका समान सम्मान होना चाहिए। परिवार भी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। मोनिका की बड़ी बहन एकता बीए बीएड उत्तीर्ण हैं, जबकि भाई मोहित मास्टर ऑफ फार्मेसी कर चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान दादी संतरा देवी, माता बिमला, हरिश, जितेंद्र, हरिंद्र, शालू, पूनम, पूनम वर्मा, संदीप प्रधान, मुकेश प्लम्बर, सुमिंद्र प्रवक्ता, रेणु, रेवती, हरबाई, बाला प्रधान, सुषमा, सुरेश, भागीरथ, रविंद्र, बिट्टू, दीपक, निखिल, गौरव, लक्ष्य, हिमांशु सहित कॉलोनी की महिलाएं एवं अनेक पुरुष शामिल रहे।



### पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन में नए सदस्यों का स्वागत

*मंडी अटेली। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि. नं. 41) की शाखा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी अटेली मंडी में नए कर्मचारियों के शामिल होने पर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने नए साथियों का स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती और एकजुटता पर जोर दिया।बै ठक में कर्मचारियों ने अपनी सेवा से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और कार्यस्थल की चुनौतियों को विस्तार से रखा। यूनियन पदाधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा और समाधान के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। यूनियन ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना उनका मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर यूनियन प्रधान राजेश कलवाड़ी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें सतीश जांगड़ा सचिव, कोशेंद्र कोषाध्यक्ष, हरीश, बलजीत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान यूनियन में शामिल हुए नए कर्मचारियों में सतेन्द्र, महीपाल, गजराज, मनवीर, राजेश, मोहित गोयल, संदीप कुमार, सतीश, राजपाल, बृजेश कुमार, गौतम कुमार, सुरेश कुमार, रमेश, रसीपाल व विनोद शामिल रहे।*

# संतुलित आहार और शुद्ध पानी पर सिहमा में चला जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज मंडी ▶▶ अटेली

सिहमा के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं को संतुलित आहार और शुद्ध पेयजल के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के खंड संसाधन संयोजक धर्मेंद्र ने महिलाओं को बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। भोजन में प्रोटीन, विटामिन, वसा और कार्बोहाइड्रेट की उचित मात्रा शामिल होनी चाहिए, जिससे शरीर को आवश्यक पोषण मिल सके।

इसके साथ ही उन्होंने शुद्ध पेयजल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पानी की गुणवत्ता बनाए रखना उतना ही जरूरी है जितना उसका संरक्षण। उन्होंने बताया कि पेयजल में टीडीएस, फ्लोराइड, पीएच और एल्कनिटी का संतुलन होना चाहिए साथ हीपेयजल कनेक्शन को गंदे पानी की नालियों से दूर रखना चाहिए और सभी नलों पर टोंटी लगाकर रखनी चाहिए, ताकि कोई जहरीला जीव पानी में प्रवेश न कर सके। उन्होंने जल संरक्षण और स्वच्छता अपनाने पर भी जोर दिया और कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही पोषण अभियान को सफल बनाया जा सकता है। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर व ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।



मंडी अटेली। केंद्र में शुद्ध संतुलित आहार के बारे में जागरूक करते हुए।

## वार्ड नं. 20 में पेयजल संकट, आमजन परेशान

**नारनौल।** शहर के वार्ड नं 20 में इन दिनों पेयजल संकट विकराल रूप धारण करता जा रहा है, जिसके चलते इस वार्ड के मोहल्ला गुरुनानकपुरा, बड़का कुआं, काबिल संघीवाड़ा, चेतावाली कुई सहित मोहल्ला देवस्थान में पेयजल की गंभीर समस्या बन गई है, जिसके कारण स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। पेयजल संकट की गंभीर समस्या से परेशान लोग 400 से लेकर 500 रुपये तक में पानी का टैंकर डलवाने को मजबूर हो रहे हैं। बारे में पूर्व पार्षद घनश्याम शर्मा ने बताया कि उपरोक्त इलाकों में पीने के पानी की सप्लाई व्यवस्था मोहल्ले में बने बूस्टिंग स्टेशन से की जाती है। काबिले गौर है कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा उपरोक्त मोहल्लों को चार जोन में बांटा हुआ है। प्रतिदिन सुबह-शाम दो जोन में सप्लाई की जाती थी, लेकिन पिछले कई दिनों से दिन में एक जोन में ही सप्लाई दी जा रही है। पूर्व पार्षद ने विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें मजबूरन मोहल्ले के लोगों को साथ लेकर विभाग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करना पड़ेगा।



नांगल चौधरी। अटल कैंटीन का शुभारंभ करते चेयरमैन रमाकांत शर्मा।

### रमाकांत शर्मा ने किया अटल कैंटीन का शुभारंभ

*नांगल चौधरी। मार्केट कमेटी के चेयरमैन रमाकांत शर्मा ने अनाज मंडी में अटल कैंटीन का शुभारंभ किया। जिसमें किसान व श्रमिकों को 10 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध रहेगा। मंडी में किसानों के लिए पेयजल, शौचालय समेत मूलभूत सुविधाओं का प्रबंध किया गया है। कार्यक्रम में उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनी व विभाग एवं सरकार की मदद से समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में कार्यरत श्रमिकों और अपनी फसल बेचने आने वाले किसानों के लिए विशेष व्यवस्थाओं का प्रबंध किया गया है। अटल कैंटीन के माध्यम से केवल दस रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे श्रमिकों और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी की सचिव नवीना यादव, बीएओ डॉ हरीश यादव, उप निरीक्षक अशोक कुमार, हनुमान शर्मा सरपंच, रामसिंह समेत विभाग के कर्मचारी व व्यापारी मौजूद रहे हैं।*

# आग से 12 एकड़ में गेहूं जला, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

क्षेत्र के गांव राता कलां में वीरवार को ही में हुई आगजनी की घटना को लेकर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने सरकार से पीड़ित किसान को 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग उठाई है। संगठन के जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह और छाजूराम रावत ने प्रेस के नाम जारी बयान में बताया कि गांव राता कलां में नरेश कुमार पुत्र छाजूराम की गेहूं की फसल बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में जलकर नष्ट हो गई। किसान द्वारा पंचायती भूमि को पट्टे पर लेकर की गई 24 एकड़ खेती में से लगभग 12 एकड़ फसल पूरी तरह राख हो गई। उन्होंने कहा कि किसान पूरे साल की मेहनत के बाद पकी फसल घर लाने की उम्मीद लगाए बैठा था, लेकिन आग ने उसकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। संगठन ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बीमा कंपनियों की सख्त शर्तों के चलते आग से हुए नुकसान का मुआवजा नहीं मिल पाता, वहीं सरकार की ओर से भी ऐसी घटनाओं में कोई ठोस राहत नहीं दी जाती। एक एकड़ फसल तैयार करने में किसानों का करीब 25 से 30 हजार रुपये तक खर्च आता है। ऐसे में फसल नष्ट होने के बाद किसान कर्ज के बोझ तले दब जाता है और उसके पास आमदनी का कोई साधन नहीं बचता। संगठन ने सरकार से मांग की है कि इस संकट की घड़ी में पीड़ित किसान को उचित मुआवजा देकर राहत प्रदान की जाए।

### फायर स्टेशनों की बढ़ाई जाए संख्या

वहीं सरपंच प्रतिनिधि बेदु के अनुसार सूचना देने के बावजूद दमकल विभाग की फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंच सकी, जिससे नुकसान और बढ़ गया। संगठन ने जिले में दमकल संसाधनों की कमी पर भी सवाल उठाए। महेन्द्रगढ़ जिले के बड़े भौगोलिक क्षेत्र के मुकाबले फायर ब्रिगेड की गाड़ियों और कर्मचारियों की संख्या काफी कम है। संगठन ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि जिले में फायर स्टेशनों की संख्या बढ़ाई जाए, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं और पर्याप्त प्रशिक्षित स्टाफ नियुक्त किया जाए, ताकि भविष्य में आगजनी की घटनाओं पर समय रहते काबू पाया जा सके।

## विधायक ने किया उद्घाटन, बोले...योजनाओं से किसान व आमजन बन रहे हैं आत्मनिर्भर

# मंडलाना में माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट शुरू, 3.8 करोड़ रुपये किए खर्च

एचडीपी पाइप लाइन के जरिए किसानों के खेतों तक पहुंचाया जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव मंडलाना में शुक्रवार को करीब तीन करोड़ आठ लाख 84 हजार 160 रुपये की लागत से बनने वाले माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से क्षेत्र में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए चलाई जा रही योजनाओं से किसान व आमजन आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस परियोजना के माध्यम से लगभग 150 एकड़ भूमि की सिंचाई की जा रही है। विभाग की ओर से एक बड़ा वाटर टैंक भी बनाया गया है, जिससे एचडीपी पाइप लाइन के जरिए किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा।

इस प्रोजेक्ट में 55 किलोवाट के सोलर सिस्टम के माध्यम से मोटरों के संचालन की व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को निर्बाध सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों की नीतियों के कारण महेंद्रगढ़ जिले में जलस्तर काफी नीचे चला गया था, जिससे किसान संकट में आ गए थे, लेकिन वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद क्षेत्र में नहरी पानी पहुंचने से जलस्तर में सुधार हुआ है।



नारनौल। माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट का उद्घाटन करते विधायक ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

### लोगों की समस्याएं सुनीं

उन्होंने यह भी बताया कि नदियों व तालाबों में पानी छोड़े जाने से न केवल नारनौल बल्कि राजस्थान के सीमावर्ती किसानों को भी लाभ मिला है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गांव के लोगों की समस्याएं भी सुनी और संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### तिथि भोज से दिया पोषण का संदेश

**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से नांगल चौधरी सर्कल के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़े के तहत तिथि भोज का भव्य आयोजन किया। जिसमें नगर पालिका चेयरपर्सन प्रिया सैनी ने मुख्य अतिथि थी। भारतीय संस्कृति का अनुसरण करते हुए चेयरपर्सन प्रिया सैनी, सर्कल सुपरवाइजर सुनीता यादव, माताओं व बच्चों ने एक साथ बैठकर पारंपरिक देशी भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को परिवार के साथ मिलकर पौष्टिक व देशी भोजन करने के प्रति जागरूक करना था।



### 24 प्रार्थियों को मौके पर ही दिया चयन पत्र

**नारनौल।** जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला का आयोजन किया। जिसमें कुल 138 प्रार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया, जिनमें से 24 प्रार्थियों को मौके पर ही चयन पत्र दिया गया। जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत ने बताया कि मेले में भाग लेने वाले सभी नियोजकों का स्वागत किया। मेले में क्वेस कॉर्प लिमिटेड पलवल, बिलासपुर, फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी महेंद्रगढ़, रामाया हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड रोहतक, डेगानिया मेडिकल डिवाइसेज प्राइवेट लिमिटेड मानेसर, एचडीएफसी बैंक गुरुग्राम व पुखराज हेल्थ केयर भिवानी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### आंगनबाड़ी दौचाना में हुआ रेसिपी कार्यक्रम

**नारनौल।** आंगनबाड़ी केंद्र दौचाना में शुक्रवार को रेसिपी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सरपंच के हाथों तीन से छह साल के बच्चों को बाजरे की बाकली खिलाई, जिसमें सबसे ज्यादा आयरन की मात्रा होती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम शर्मा ने छह मास से तीन साल के बच्चे को सुजी का बना उपमा खिलाया, जो कि हर घर में आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

## आरपीएस कॉलेज में हुई राज्यस्तरीय अंतर-महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

# झज्जर टीम ने सर्वाधिक 29 अंक प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में आरपीएस कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंसेज के ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव और सीईओ मनीष राव, कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव, कॉलेज निदेशक डॉ. महेश यादव, प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह कादियान और अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया। यह प्रतियोगिता चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव और सीईओ मनीष राव ने संपन्न करवाया। इस प्रश्नोत्तरी का आयोजन क्विज मास्टर प्रदीप द्वारा आयोजित किया। इस आयोजन में प्रदेश भर के 24 प्रमुख महाविद्यालय की टीम ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान कई चुनौतीपूर्ण राउंड्स आयोजित किए गए। प्रारंभिक चरणों के कड़े मुकाबले के बाद शीर्ष छह टीमों ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल राउंड बेहद रोमांचक रहा, जिसमें टीमों के बीच अंकों का फासला बहुत कम था। स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन, झज्जर ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन कर सर्वाधिक 29 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और 31 हजार रुपये की नकद राशि व ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। आरपीएस डिग्री कॉलेज की टीम ने 23 अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और 21 हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीता। राजकीय महाविद्यालय अटेली की टीम ने 22 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार हासिल किया।




**महेंद्रगढ़।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### समसामयिक विषयों की गहरी समझ अनिवार्य

इसके अतिरिक्त, आरपीएस डिग्री कॉलेज की दूसरी टीम चौथे स्थान पर रही, जबकि आरपीएस सीईटी एवं वायडीसी नारनौल ने संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने ने कहा कि क्विज जैसी प्रतियोगिता छात्रों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और आत्मविश्वास का संचार करती हैं। सीईओ मनीष राव ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में किताबी ज्ञान के साथ-साथ समसामयिक विषयों की गहरी समझ अनिवार्य है।

## गुरुकुलम स्कूल में चालक व परिचालकों को रोड सेफ्टी का दिया प्रशिक्षण

**नांगल चौधरी।** गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी स्कूल बस चालक और परिचालकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें परिवहन विभाग के प्रतिनिधि मंडल ने यातायात नियमों तथा आपात परिस्थितियों में बच्चों की सुरक्षा के टिप्स दिए। संस्था के निदेशक राजपाल ने बताया कि ड्राइवरों को बस चलाते समय गति सीमा का पालन, वाहन की नियमित जांच, सीट बेल्ट और सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही सड़क पर बदलती परिस्थितियों में सतर्कता बनाए रखने और दुर्घटना की आशंका होने पर तुरंत सही निर्णय लेने के तरीके भी समझाए गए हैं। आपातकालीन परिस्थितियों जैसे अचानक स्वास्थ्य समस्या, सड़क दुर्घटना अथवा वाहन खराब होने की स्थिति में बच्चों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएए इस पर विशेष अभ्यास कराया गया। ड्राइवरों को यह भी बताया गया कि बच्चों के साथ विनम्र, धैर्यपूर्ण और संवेदनशील व्यवहार करना उनकी जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अंत में सभी ड्राइवरों ने सुरक्षा नियमों का पालन करने और बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन अभय गुर्जर ने की।




## सीजेएम ने विभिन्न संस्थानों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने शुक्रवार को नागरिक अस्पताल नशा मुक्ति केंद्र, पुलिस लाइन सेफ हाउस और नसीबपुर स्थित सेवा सीनियर सिटिजन होम का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संस्थानों की कार्यप्रणाली को परखते हुए वहां आवासित नागरिकों को मिल रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सीजेएम नीलम कुमारी ने नशा मुक्ति केंद्र में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं और काउंसलिंग सेवाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों के पुनर्वास के लिए पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस की सुरक्षा व्यवस्था और आवास सुविधाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां रहने वाले व्यक्तियों को नियमानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। नसीबपुर स्थित सीनियर सिटिजन होम में बुजुर्गों के स्वास्थ्य और खान पान की जानकारी लेते हुए उन्होंने प्रबंधन को स्वच्छता और बेहतर देखभाल बनाए रखने के निर्देश दिए। सीजेएम ने कहा कि इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य इन संस्थानों में रह रहे व्यक्तियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।



## सीबीएसई 10वीं में हैप्पी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष के परिणाम में विद्यालय की मेधावी छात्रा बंदना ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और स्कूल टॉपर बनी। दूसरे स्थान पर भूमिका पुत्री दीपक गोयल, गीतिका राव पुत्री विपिन राव ने तीसरा, नव्या डिगोलिया पुत्री ललित सैनी ने चौथा स्थान हासिल किया। विषयवार में गणित में दिशिप सिंगला, विज्ञान में यशांश तथा सामाजिक अध्ययन में बंदना ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर शत-प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं अंग्रेजी में हर्ष ने 99 अंक और हिंदी में बंदना ने 99 अंक प्राप्त किए। संगीत विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले कुल 19 विद्यार्थी रहे, जिनमें भूमिका, गीतिका राव, भूमिका चौहान, जिया, सुहानी, किरण, वर्तिका, तन्वी, शगुन, मानसी, रिया, प्रांजल, महिमा, प्राची, स्वाति, पूजा, नव्या, ज्योति और बंदना शामिल हैं। 48 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लिए। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के समर्पित अध्यापकों को दिया।



**महेंद्रगढ़।** खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## पश्चिम बंगाल में भाजपा को दें वोट: सिकंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश आईटी सहप्रमुख एवं नगर पार्षद सिकन्दर कुमार के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल से काम करने आए कामगारों बंगाली प्रवासियों से मिलकर पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल व 29 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव में जाकर भाजपा को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। सिकंदर कुमार ने बंगाली प्रवासियों से कहा कि ममता बनर्जी की तानाशाही सरकार को उखाड़कर फेंकने का समय आ गया है। पहले वामपंथी सरकारों और अब टीएमसी सरकार ने पश्चिम बंगाल को अपनी भ्रष्टाचार की नीति से रसातल पर ला दिया। ममता बनर्जी की मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति ने हिंदुओं को पलायन करने पर मजबूर कर दिया। भाजपा के नेतृत्व में बंगाल अपने प्राचीन गौरव को पूर्णतः दोबारा प्राप्त करेगा। बंगाली प्रवासियों से अपने परिवार और रिश्तेदारों को भी फोन करके वोट करने की अपील की।



## न्यूज डायरी


### कपिल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय



**महेंद्रगढ़।** बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में कपिल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के 10 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय की छात्रा कोमल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय में 70 प्रतिशत बच्चों ने मेरिट प्राप्त की। इस उपलब्धि पर विद्यालय अध्यक्ष प्राचार्य व उपप्राचार्य ने सभी बच्चों को पगड़ी पहनाकर व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय सीईओ प्रिया तिवारी व प्रबंधक निदेशक कपिल तिवारी ने सभी बच्चों, शिक्षकों व बच्चों के अभिभावकों को बधाई दी।

### गणित सेमेस्टर में यदुवंशी का शानदार प्रदर्शन



**महेंद्रगढ़।** टॉप रहने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा गणित प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज की आरती पुत्री भगवान सिंह ने दूसरा स्थान, राहुल पुत्र पंकज कुमार ने पांचवां, राखी पुत्री राजेश ने छठा, अर्चना पुत्री संजू यादव ने आठवां और वर्षा पुत्री सुजीत कुमार नौंवा स्थान प्राप्त किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, संस्था वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, सीईओ तनीष राव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉक्टर प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

### उत्कृष्ट परिणाम पर विद्यार्थियों का सम्मान



**महेंद्रगढ़।** खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल चामधेड़ा रोड पर कक्षा 10वीं के उत्कृष्ट परिणाम को लेकर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और गर्व से भरा हुआ था, जहां विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के मुख्यातिथि चेयरमैन सतन सिंह यादव ने कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है। प्राचार्य प्रदीप तंवर ने कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक राजेन्द्र शर्मा, जेएस लाम्बा, मुकेश कुमार, मुकेश शर्मा, मानसिंह, भूपेन्द्र, राकेश यादव, सुभाष डीपी आदि उपस्थित रहे।

### आरपीएस स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**कनीना।** टॉप रहने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**कनीना।** हाल ही में सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के रिजल्ट में आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा 10वीं की विद्यार्थी कनक ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान, रितिका ने 98.6 अंक हासिल कर द्वितीय व दीपांशु ने 98 अंक हासिल कर तृतीय स्थान हासिल कर अपने विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया। इसी प्रकार आईटी विषय में छह व मैथ्स विषय में पांच विद्यार्थियों ने सौ फीसदी अंक हासिल किए। इनके इलावा, एसएसटी में पांच, आईटी में चार, साइंस में दो व हिंदी में एक, विद्यार्थी ने सौ में से 99 अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधन के प्रतिष्ठित सदस्यों ने छात्रों व उनके अभिभावकों को बधाई दी है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि हमारे छात्रों की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है। सीईओ इंजीनियर मनीष राव और डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## जीएल महिला डिग्री कॉलेज में हुई एक दिवसीय कार्यशाला



**कनीना।** जीएल महिला डिग्री कॉलेज कनीना के भूगोल विभाग द्वारा ड्रोन एवं जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजी, उसके अनुप्रयोग एवं करियर अवसर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइन्फॉर्मेटिक्स रोहतक के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन सर्वे, मैपिंग और जियोस्पेशियल डेटा के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में अजय पूनिया (जियोस्पेशियल एक्सपर्ट) एवं हिमांशी बत्रा मैनेजर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता से भाग लिया और नई तकनीकों को सीखने में गहरी रुचि दिखाई। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यशाला स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉलेज प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी वक्ताओं, आयोजकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## श्रीकृष्णा स्कूल का 10वीं में रहा बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा ने 10वीं सीबीएसई द्वारा घोषित वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम को लेकर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि ग्रुप चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव, विशिष्ट अतिथि सीईओ कर्मवीर राव तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमेर सिंह यादव ने की।

कॉर्डिनेटर सुशीला यादव ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार फरवरी और मार्च माह में कक्षा दसवीं की परीक्षा आयोजित की गई थी। छात्र अंचित पुत्र राजेश निवासी डेरोली जाट ने 97.6 प्रतिशत अंक व तमन्ना पुत्री ब्रहमप्रकाश निवासी पाल ने 95.6 प्रतिशत अक प्राप्त कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। उन्होंने बताया कि 90 प्रतिशत से अधिक 8 विद्यार्थी व 80 प्रतिशत से अधिक 21 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि आज आपकी आंखों में जो चमक है, वह आपकी रातों की नींद और दिन के संघर्ष का परिणाम है। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि परीक्षा परिणाम हमेशा से ही एक बहुप्रतीक्षित विषय रहा है, क्योंकि यह हमारी साल भर की मेहनत का पारितोषिक होता है।

## सीबीएसई 10वीं में सीएल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सीबीएसई बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम में हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्रा सोनाक्षी मीणा ने 97.2 प्रतिशत, यमनिक बंसल 96.4, महक 96.4, जागृति 96.2, जागृति 96.2, धर्मांशु 95.2, सुहानी यादव 95.2, विश्वास राव 95, खुशी 94.8, जतिन 94.8, मोहित 94.6, सलोनी 94.2, आरव 94, प्रियांशी 93.4, ईशान 93, दिव्या 92.8, अक्षज शर्मा 92.8, हार्दिक 92.8, गीतांशु 92.2, प्रियांशु 92, चेतना 91.8, रिदम सिंघानिया 90.6, पार्थ यादव ने 90 अंक लेकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



**नारनौल।** विद्या भारती स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## आईबी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर का 10वीं कक्षा का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के 66 बच्चों में से 33 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है जिनमें से नौ बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर विद्यालय नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों को चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने साफा, फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य अजीत सिंह ने बताया कि दीपिका पुत्री मनोज निजामपुर ने हिंदी में 99, अंग्रेजी में 97, विज्ञान में 96 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पायल पुत्री संदीप सजयाणी पटवारी बायल ने गणित में 96, सच्ची कुमार पुत्री कुलदीप सिंह डाबला ने सामाजिक विज्ञान में 99 अंक प्राप्त किए। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा, कोर्डिनेटर रितु शर्मा, करियर काउंस्लर आरडी सक्सेना, धर्मवीर, भावेष गोयल उपस्थित थे।

■ विद्या भारती स्कूल में विद्यार्थियों को किया सम्मानित


## अध्यापिकाओं व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

# राजकीय महिला कॉलेज में स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महिला महाविद्यालय में आठवें पोषण पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ व बाबा निहालचंद सेवा दल पटीकरा के विशेष सहयोग से जागरूकता रैली, स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुमन बाला पत्नी विधायक ओमप्रकाश यादव रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार व डॉ. संजय बिश्नोई ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि सुमन बाला ने संबोधित करते हुए कहा कि पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और युवाओं में सही पोषण एवं बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. ममता शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि पोषण पखवाड़ा के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में अध्यापिकाओं व छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने डॉ. ममता शर्मा को बैज लगाकर उनकी कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान किया। इस मौके पर कॉलेज परिसर से जागरूकता रैली भी निकाली गई। वहीं बाबा निहालचंद सेवा दल पटीकरा के सदस्यों आदर्श, हनी गुप्ता व संदीप ने शिविर के प्रबंधन और रक्तदान के प्रति छात्राओं को प्रेरित करने में विशेष सहयोग दिया।



**नारनौल।** प्रोफेसर डॉ. ममता शर्मा को बैज लगाते सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डॉ. पारुल गुप्ता, डॉ. मुकेश यादव, डॉ. गीता यादव, डॉ. सुमन यादव, डॉ. पूनम यादव, डॉ. यशपाल, डॉ. दीपिका राणा, डॉ. कंचन बिराट, डॉ. रेखा सैनी, डॉ. पूजा सिहाग, डॉ. सोनल के अलावा गर्ल्स आईटीआई से सुरेश व संतोष, राइजिंग स्टार किड्स प्ले स्कूल से अंजू शर्मा, महिला थाना प्रभारी मंजूषा, कोरियावास मेडिकल कॉलेज से डॉ. अजय सोनी मौजूद थे।

**बोली सूचना**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला फतनी 15289 खण्ड अटेली, महेन्द्रगढ़ के जर्जर भवन को हटवाने की खुली बोली वार बुधवार 29.04.2026 को सुबह 10:30 बजे स्कूल प्रांगण में लगाई जाएगी। नियम व शर्ते मौके पर बताई जाएगी। स्कूल की S.M.C फैसले का अंतिम निर्णय लेगी

S.M.C G.P.S. Fatni
15289 M/Garch

**सार्वजनिक सूचना**

मै माया देवी पत्नी राम सिंह वासी गांव मूलोदी तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र राहुल मेरे कहने सुनने से बाहर है व आए दिन घर में लडाई झगडा करता है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै विनय कुमार पुत्र निरंजन कुमार पुत्र कालूराम हाल आबाद पटोदी गुरूग्राम वासी मो. जेर मण्डेरी, नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरे पिता का देहान्त दिनांक 31.5. 2007 को हो गया है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1 विनय अरोडा पुत्र 2 प्रियंका सोइन 3 सनेहा 4 रिताशा राजपाल पुत्रियान व 5 किरण अरोडा विधवा निरंजन है। इनके अलावा उनके और कोई कानूनी वारिस नहीं है। वहीं निरंजन कुमार की माता शांति का देहान्त पहले ही हो चुका है। इस बाबत किसी को कोई एतराज है तो वह 30 दिन के अन्दर नगरपरिषद नारनौल में अपना एतराज दर्ज करवाएं

**सार्वजनिक सूचना**

मै मोतीलाल पुत्र शंकरलाल वासी मोहल्ला गांधी कालोनी नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पिता का देहान्त 25.04.2008 को हो चुका है वहीं मेरी माताजी चमेली देवी का देहान्त 26. 01.2023 हो चुका है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस हैं। 1 सुभाष चंद पुत्र 2 मोतीलाल पुत्र 3 संतोष पुत्री 4 सुशीला पुत्री 5 वीना पुत्री 6 बिमला पुत्री 7 सरला पुत्री है। इनके अलावा उनके ओर कोई कानूनी वारिस नहीं है। इस बाबात किसी को कोई एतराज है तो वह 30 दिन के अन्दर अपना एतराज लिखित में नगर परिषद नारनौल में जमा करवाएं।

## रिमांड के दौरान आरोपितों से हत्या में प्रयुक्त लाठी, डंडे व गाड़ी बरामद करेगी पुलिस

# हत्याकांड के पीछे 'महिला सम्पर्क' की आशंका तीन गिरफ्तार, पुलिस रिमांड पर रहेंगे दो दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

गुढ़ा निवासी एवं आईआईएफएल गोल्ड लोन शाखा महेंद्रगढ़ में कार्यरत दिनेश कुमार की हत्या के तीन आरोपितों को पुलिस ने काबू कर लिया है। जिनकी पहचान कपिल वासी बवानिया, राहुल वासी सिसोठ व आरव वासी महेंद्रगढ़ के रूप में हुई है। तीनों आरोपितों को पुलिस ने शुक्रवार को एसडीजेएम कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। रिमांड के दौरान पुलिस हत्यारोपितों से हत्या में प्रयुक्त किए गए लाठी, डंडे व गाड़ी बरामद की जाएगी।

इधर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का दौरा कर बारीकी से निरीक्षण किया तथा अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए सीआईए, साइबर सेल व थाना पुलिस टीमों का गठन किया, जो उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। वहीं इस हत्याकांड में महिला सम्पर्क की आशंका जताई जा रही है। पुलिस जांच के बाद ही पूरी तरह मामले का खुलासा होगा।

बता दें कि गुढ़ा गांव के रहने वाले बैंक कर्मी दिनेश कुमार का कुछ युवकों ने बुधवार को अगवा कर लाठी, डंडों से बेरहमी से मारपीट की थी। जिससे वह गंभीर हालत में पहुंच गया था। सायं करीब पौने पांच बजे दिनेश कुमार के मोबाइल फोन से उसके घर कॉल आई, जिसमें दिनेश की बजाय कोई अन्य व्यक्ति बात कर रहा था, जिसने नाम व स्थान आदि के बारे में नहीं बताया।

इसी दौरान फोन में दिनेश के रोने व बचाने सहित मारपीट करने वाले अन्य व्यक्तियों की आवाज भी सुनाई दे रही थी। करीब 11 मिनट की इस बातचीत में परिजनों ने आरोपितों से दिनेश को छोड़ने की मिन्नतें की थी। परिजन उसे खोजने के लिए घर से निकले, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए। इसके बाद मध्य रात्रि उसका शव बुचावास रेलवे स्टेशन के समीप से बरामद हुआ।


कनीना। बुचावास में घटनास्थल का निरीक्षण करते एसपी। फोटो : हरिभूमि


कनीना। गिरफ्तार किए गए तीन हत्यारोपित। फोटो : हरिभूमि

### क्या कहते हैं डीएसपी

डीएसपी हेडक्वार्टर सुरेश कुमार ने कहा कि पुलिस के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि जिले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। अन्य हत्यारोपितों को जल्द काबू किया जाएगा।

### बहन की शिकायत पर केस दर्ज

मृतक की बहन नीतू ने बताया कि पुलिस को जिस स्थान पर शव मिला वह महेंद्रगढ़ सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है, लेकिन दिनेश कुमार महेंद्रगढ़ सिटी थाना अंतर्गत निजी बैंक शखा में काम करता था। महेंद्रगढ़ सिटी थाना पुलिस कर्मचारी दिनेश का गांव गुढ़ा होने के नाते उसे कनीना थाना का क्षेत्र बताकर पल्ला झाड़ती रही, वहीं कनीना थाना पुलिस इसे महेंद्रगढ़ का मामला बताकर जिम्मेदारी लेने से बचती रही। दोनों थानों के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर चली इस खींचतान के कारण मामले में समय पर कार्रवाई नहीं हो सकी। अगर समय रहते पुलिस सक्रिय होती और जिम्मेदारी से काम करती, तो शायद दिनेश की जान बचाई जा सकती थी। पुलिस की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है, उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग की है।

### क्या कहते हैं थाना इंचार्ज

इस बारे में महेंद्रगढ़ सदर थाना इंचार्ज रमेश कुमार ने कहा कि गिरफ्तार किए गए हत्यारोपितों को अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायालय ने उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस की ओर से हत्या में प्रयुक्त लाठी, डंडे, गाड़ी व अन्य उपकरण बरामद किए जाएंगे।

---

## खबर संक्षेप

### श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा में समारोह आज

**नारनौल।** श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा में शनिवार को विप्र समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में खेल एवं युवा मामलों के मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि होंगे। स्वामी आत्मानंद सरस्वती योग तीर्थ महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन धर्म उत्थान समिति, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, उत्तर प्रदेश के पूर्व एमएलसी एवं कार्यकारी अध्यक्ष विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद सतीश शर्मा, पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, पूर्व मंत्री कैलाश चंद शर्मा, विधायक ओमप्रकाश यादव विशिष्ट अतिथि होंगे।

### पुलिस ने काटे 51 वाहनों के चालान

**नारनौल।** पुलिस विभाग की ओर से अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने व यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने विशेष नाका व वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान जिले के सभी थानों औव चौकियों की पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की गहनता से जांच की। इस दो घंटे के सघन चेकिंग अभियान में पुलिस टीमों ने कुल 407 वाहनों की जांच की। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 51 वाहनों के चालान काटे और चार वाहनों को इम्पाउंड किया।

### 27 को गनियार गांव में भंडारा

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गनियार स्थित श्री हनुमान मंदिर में 27 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन की शुरुआत 26 अप्रैल को सुबह सवा सात बजे अखंड रामायण पाठ के साथ होगी। अगले दिन 27 को सुबह सवा आठ बजे कलश यात्रा एवं हवन का आयोजन किया जाएगा। वहीं भंडारे का शुभारंभ सुबह सवा 10 बजे से किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

---

## भाई व साथी को दस हजार रुपये के साथ रंगे हाथों पकड़ा था

# 'रिश्वत कांड': सस्पेंड आईओ सतेंद्र यादव फरार, एसीबी की रेड जारी

- खाता अनफ्रीज कराने के नाम पर मांगी गई थी रिश्वत
- सस्पेंड होने के बाद से लापता, फोन भी स्विच ऑफ

राजकुमार ▶▶ नारनौल

बैंक खाता अनफ्रीज कराने के नाम पर रिश्वत मांगने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस मामले का मुख्य आरोपित उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित साइबर थाना में तैनात आईओ सतेंद्र यादव घटना के बाद से फरार चल रहा है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) गुरुग्राम की टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन तीन दिन बाद भी वह पकड़ में नहीं आया है।

दरअसल, 14 अप्रैल को एसीबी टीम ने नारनौल के महावीर चौक पर कार्रवाई करते हुए राजस्थान के निकटवर्ती गांव नावता निवासी सतेंद्र यादव के भाई जितेंद्र यादव और उसके साथी गौरव वासी पचेरी खुर्द को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपित पचेरी की एक फाइनेंस कंपनी में फील्ड ऑफिसर (एफओ) के रूप में कार्यरत हैं और सतेंद्र यादव के कहने पर पैसे लेने नारनौल पहुंचे थे।

शिकायतकर्ता सतनाली क्षेत्र के गांव जवाहर नगर निवासी नीरज ने बताया था कि उसका बैंक ऑफ बड़ौदा, महेंद्रगढ़ शाखा में खाता फ्रीज हो गया था। खाता अनफ्रीज कराने के लिए उसने संपर्क किया तो यूपी के सहारनपुर साइबर थाना में तैनात नावता निवासी आईओ सतेंद्र यादव ने उससे 'खाने-पीने का खर्चा' मांगा और कहा कि उसके आदमी नारनौल आकर पैसे ले जाएंगे।

शिकायत मिलने पर एसीबी ने योजना के तहत ड्यूटी मैजिस्ट्रेट महेंद्रगढ़ के तहसीलदार अजय कुमार की निगरानी में कार्रवाई की। रिश्वत में दिए जाने वाले 500 रुपये के नोटों पर पहले ही साइन किए गए थे। जैसे ही जितेंद्र और गौरव ने पैसे लिए, टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। केमिकल टेस्ट के दौरान दोनों के हाथ लाल हो गए, जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को अगले दिन अदालत में पेश किया गया, उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में नसीबपुर जेल भेज दिया गया। इस पूरे मामले का मुख्य सूत्रधार सतेंद्र यादव अब फरार चल रहा है।


नारनौल। रिश्वत कांड में पकड़े गए आरोपित जितेंद्र व गौरव। फोटो : हरिभूमि

### यह बोले इंस्पेक्टर

एसीबी इंस्पेक्टर राजकरण ने बताया कि मुख्य आरोपित सतेंद्र की गिरफ्तारी के लिए टीम सहारनपुर गई थी, लेकिन वह गैर हाजिर चल रहा है। वहां अधिकारियों को एफआईआर की कॉपी की दी गई, जिस पर उन्होंने उसे तुरंत प्रभाव से नौकरी से सस्पेंड कर दिया है। अब उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### मुख्य आरोपित गैर हाजिर

सूत्र बताते हैं कि एसीबी की टीम जब सहारनपुर साइबर थाना पहुंची तो सतेंद्र यादव ड्यूटी से गैर-हाजिर मिला। इसके बाद जब संबंधित अधिकारियों को एफआईआर की कॉपी सौंपी गई, तो उसे तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया। तब से वह लगातार फरार चल रहा है। सूत्रों के अनुसार, जितेंद्र यादव की गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने उसके परिवार को इसकी सूचना दी थी। कानून के तहत गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर परिवार को जानकारी देना अनिवार्य होता है। आशंका जताई जा रही है कि इसी सूचना के माध्यम से सतेंद्र यादव को भी मामले की भनक लग गई, जिसके बाद उसने फरार होने का रास्ता चुन लिया। फिलहाल एसीबी गुरुग्राम की टीम लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है, लेकिन आरोपित का फोन स्विच ऑफ है और उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जांच एजेंसियों का मानना है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 7 हजार रिश्वत लेते पकड़े गए पटवारी को भेजा जेल



शहर में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम द्वारा रिश्वत लेते पकड़े गए पटवारी प्रदीप को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपित प्रदीप को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में नसीबपुर जेल भेज दिया है। मामले में पुरानी मंडी निवासी ओपी मेहता ने शिकायत दी थी कि पटवारी जमीन का अमल चढ़ाने के एवज में 10 हजार रुपये की मांग कर रहा था। योजना के तहत एसीबी टीम ने जाल बिछाया। आरोप है कि पटवारी ने पहले सुबह 3 हजार रुपये लिए और फिर शाम करीब 4 बजे 7 हजार रुपये लेते समय टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान 500 रुपये के नोटों पर पहले ही साइन कराए गए थे। यह कार्रवाई ड्यूटी मैजिस्ट्रेट बीडीपीओ मनोज कुमार महेंद्रगढ़ की मौजूदगी में की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को रातभर पुलिस कस्टडी में रखा गया। शुक्रवार दोपहर उसे इलाका मैजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

---


महेंद्रगढ़। रेस्ट हाउस में बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### नपा अधिकारियों को सख्त निर्देश

## विकास कार्यों में अनियमितताओं व गुणवत्ता को लेकर हुई बैठक

*विधायक एवं एसडीएम द्वारा सभी विषयों पर उचित एवं शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी द्वारा नगर में विकास कार्यों में सामने आ रही अनियमितताओं एवं गुणवत्ता संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक कंवर सिंह यादव एवं एसडीएम योगेश सैनी के साथ पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक द्वारा नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए गए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं गुणवत्ता में कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम द्वारा भी अब तक पूर्ण किए गए विकास कार्यों, वर्तमान में चल रहे कार्यों तथा जारी टेंडरों की विस्तृत सूची तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान चेयरमैन रमेश सैनी द्वारा नगर में विकास कार्यों की गुणवत्ता, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था तथा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में आ रही कमियों एवं अनियमितताओं के मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए।

विधायक एवं एसडीएम द्वारा इन सभी विषयों पर उचित एवं शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। साथ ही, चेयरमैन द्वारा पूर्व में लिखे गए सभी पत्रों पर भी तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में पालिका अभियंता राजेश कौशिक, कनिष्क अभियंता नवदीप, पार्षद प्रतिनिधि संजय राठी, पार्षद विष्णु वाल्मीकि, पार्षद देवेंद्र सैनी एवं मनोनीत पार्षद मुकेश कुमार भी उपस्थित रहे।

---

# मुआवजे को लेकर एसडीएम से मिले किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला महेंद्रगढ़ के एचटी लाइन से पीड़ित किसानों की मार्केट रेट कमेटी के चेयरमैन-कम-एसडीएम अनिरुद्ध यादव से एक बैठक भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के तत्वाधान में जिला प्रधान मनोज कुमार (गुढ़ा) के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें किसानों की कई मांगों को लेकर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें किसानो की जमीन से गुजर रही खेतड़ी नरेला लाइन से संबंधित किसानों की लगभग 7-8 महीने से बार-बार जिला प्रशासन के पास किसानों द्वारा अपील करने पर भी कोई उचित कार्रवाई नहीं की जा चुकी है। एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्या का हर संभव समाधान किया जाएगा तथा जो भी कार्यवाही होगी, वह किसान हित को देखते हुए अमल में लाई जाएगी।

मनोज कुमार (गुढ़ा) ने बताया कि एसडीएम से उनकी किसान संबंधित मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई व संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। जिले से गुजर रही टाटा पॉवर बीकानेर निमराना लाइन तथा बीकानेर निमराना (पावरग्रिड)से पीड़ित किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा एमआरसी गठित करके दिलवाया जाए, जो अभी तक नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला महेन्द्रगढ़ का किसान एकजुट होकर एक ही मत रखता है कि एमआरसी गठित नहीं की जाती, तब तक जिले से गुजर रही किसी भी एचटी लाइन को आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। सीकर नरेला, टाटा पॉवर बीकानेर नीमराना, बीकानेर नीमराणा लाइन का कार्य बिना मार्केट रेट तय हुए आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा।


नारनौल। एसडीएम अनिरुद्ध को ज्ञापन सौंपते किसान। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस बैठक में जिला महेंद्रगढ़ से किसान प्रतिनिधि मनोज कुमार (गुढ़ा) के अलावा दाताराम गुर्जर, ओमप्रकाश, विनोद गहली, पुष्पेंद्र, प्रकाश, सहीराम, रामनिवास, उदयभान, हनुमान, स्योराम, सतपाल, हेतराम, रामेश्वर सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी, केस दर्ज

**नारनौल।** नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध शाखा (इकोनोमिक सैल) की जांच के बाद थाना शहर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित भिवानी के हालुवास गेट, रेलवे फाटक के पास निवासी धर्मबीर यादव ने बताया कि गांव फैजलीपुर (कादीपुर) निवासी हरपाल सिंह ने उनके पोते को रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके एवज में आरोपित ने उनसे करीब 5 लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि न तो पोते को नौकरी दिलाई गई और न ही पैसे वापस किए गए। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 27 अगस्त 2025, 11 दिसंबर 2025 और 5 जनवरी 2026 को भी शिकायत दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय तक गुहार लगाई। इस मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा नारनौल को सौंपी गई है। जांच अधिकारी एसआई युद्धवीर सिंह ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी किए। शिकायतकर्ता जांच में शामिल हुआ और अपने आरोपों की पुष्टि के लिए गवाह भी पेश किए। वहीं आरोपित हरपाल सिंह बार-बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद जांच में शामिल नहीं हुआ और न ही फोन रिसीव कर रहा है। जांच में सामने आया कि आरोपित ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए 5 लाख रुपये लिए। इसके बाद आर्थिक अपराध शाखा ने मामला दर्ज करने की सिफारिश की।

## जमीन दिलाने के नाम पर वकील से 8 लाख की ठगी, केस दर्ज

**नारनौल।** शहर में जमीन दिलाने के नाम पर एक वकील से करीब आठ लाख रुपये की ठगी का पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस मामले में सिंघाना रोड निवासी, जो नारनौल कोर्ट में वकील हैं, विजय सिंह ने पुलिस को दी शिकायत दी थी कि 15 नवंबर 2025 को उनकी मुलाकात गांव बापडोली निवासी राजेंद्र सिंह से हुई थी। राजेंद्र ने उन्हें आजमनगर क्षेत्र में एक जमीन सस्ते दाम में दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद 18 नवंबर को वह विजय सिंह को जमीन दिखाने भी ले गया। आरोप है कि उसी दिन एग्रीमेंट कराने के नाम पर राजेंद्र ने उन्हें कोर्ट परिसर बुलाया, जहां जमीन के दस्तावेज दिखाकर भरोसा दिलाया गया। बाद में एक व्यक्ति को जमीन का मालिक दीपक बताकर बुलाया गया, जिसने एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान विजय सिंह से चार लाख रुपये का चेक और करीब चार लाख रुपये कैश और ऑनलाइन माध्यम से ले लिए गए। कुछ दिन बाद पीड़ित को पता चला कि एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति असली जमीन मालिक नहीं था, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति को दीपक बनाकर पेश किया गया था। जब वह असली मालिक के पास पहुंचे तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि राजेंद्र सिंह, जेपी और विकास उर्फ झोटा ने मिलकर धोखाधड़ी की है और अब पैसे लौटाने से भी इंकार कर रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

---

# सीआईए ने की दुष्यंत चौटाला से बदसलूकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश की राजनीति में उस समय हलचल मच गई जब हिसार में सीआईए की ओर से पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ कथित बदसलूकी का मामला सामने आया। इस घटना ने प्रदेश की कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जननायक जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस का यह रवैया दर्शाता है कि प्रदेश में कानून का नहीं, बल्कि सत्ता का दबाव चल रहा है। घटना के दौरान प्रदेश युवा अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला भी मौके पर मौजूद थे, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने शिष्टाचार व मर्यादा की सभी सीमाएं पार कर दी। इससे साफ जाहिर होता है कि पुलिस अब जनप्रतिनिधियों के साथ भी सम्मानजनक व्यवहार करने में असफल हो रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### पुरानी मंडी में बड़े मंदिर के पास जागरण आज

**नारनौल।** श्रीश्याम महायज्ञ आयोजन समिति के तत्वावधान में शनिवार रात को पुरानी मंडी बड़े मंदिर के पास जागरण किया जाएगा। समिति प्रेस सचिव डॉ. राहुल शर्मा ने बताया कि जागरण में मुख्य यजमान महावीर सैनी सपरिवार होंगे।

## जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: डीसी

# अनुपमा अंजलि ने नए उपायुक्त के तौर पर संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आईएएस अधिकारी अनुपमा अंजलि ने शुक्रवार को जिले के नए उपायुक्त के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया है। लघु सचिवालय पहुंचने पर कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक परिचय बैठक की और प्रशासनिक कार्यों की जानकारी ली। इससे पहले अनुपमा अंजलि फरीदाबाद में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की एडमिनिस्ट्रेटर व अर्बन एस्टेट की एडिशनल डायरेक्टर के पद पर तैनात थी।

बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए। उन्होंने सभी को टीम वर्क के साथ काम करने और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद डीसी अनुपमा अंजलि ने लघु सचिवालय के विभिन्न विभागों का दौरा किया। उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालय में आने वाले नागरिकों को अपने काम के लिए अनावश्यक चक्कर न काटने पड़ें, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती डीसी अनुपमा अंजलि। फोटो : हरिभूमि

### डीसी ने पहली बैठक में अधिकारियों को बताई प्राथमिकता

नवनियुक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने पदभार संभालते ही जनहित के कार्यों को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी हैं। शुक्रवार को लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित अपनी पहली बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निदान करना उनकी कार्यशैली का मुख्य हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविर उनकी विशेष प्राथमिकता में शामिल हैं और इन शिविरों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए वह स्वयं समय समय पर समीक्षा बैठकें लेती रहेंगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में पहुंचने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या का जल्द से जल्द निपटान भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की यह पहल आम जनता के लिए एक बेहतरीन मंच है, जहां लोग बिना किसी परेशानी के अपनी बात प्रशासन के सामने रख सकते हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों से टीम भावना के साथ काम करने का आह्वान किया, ताकि सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंच सके। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया, डीएमसी रणबीर सिंह, नगराधीश डॉ. मंगल सेन सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।